राजभाषा प्रकोष्ठ
HINDI CELL
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

ई-मेल : hindicell2015@gmail.com
दूरभाष क्र. : (07582) 297118

क्र. राभाप्र/2020/अंक-8/ 1495 — 23 सितम्बर, 2020

अनुस्मारक -I

परिपत्र

विश्वविद्यालय में हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिये राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा प्रकाशित की जाने वाली वार्षिक राजभाषा पत्रिका भाषा भारती का आठवाँ अंक के प्रकाशन हेतु सभी शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण से हिन्दी भाषा एवं अन्य अनुशासनों से इसका सम्बन्ध, हिन्दी साहित्य से सम्बन्धित चर्चित आलेख, अनुवाद एवं हिन्दी के कार्यालयीन प्रयोग से सम्बन्धित सामग्री, हिन्दी भाषा प्रयोग से सम्बन्धित तकनीकी नवाचार तथा कविता, कहानी, लघु कथा, उपन्यास अंश, निबंध, ग़ज़ल, संस्मरण, जीवनी, डायरी, साक्षात्कार, समीक्षात्मक लेख, आलोचना, टीका आदि से सम्बन्धित मौलिक एवं अप्रकाशित सामग्री सादर आमंत्रित है। सामग्री हार्ड एवं साफ्ट कॉपी में होनी चाहिए। सामग्री की साफ्ट कॉपी राजभाषा प्रकोष्ठ की ई-मेल आई.डी. **hindicell2015@gmail.com** पर भी भेजी जा सकती है। प्रकाशन हेतु एकत्रित सामग्री का चयन सम्पादक मण्डल द्वारा किया जायेगा। सामग्री अंतिम रूप से दिनांक 07 अक्टूबर, 2020 तक राजभाषा प्रकोष्ठ को अवश्य प्राप्त हो जानी चाहिये।

हिन्दी अधिकारी/सम्पादक
भाषा भारती

प्रतिलिपि :-

1. समस्त अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वित्ताधिकारी, परीक्षा नियंत्रक, पुस्तकालय अध्यक्ष, कोऑर्डिनेटर (समन्वयक), सहायक निदेशक, प्रभारी, प्रोजेक्ट इन्वेस्टीगेटर, संयुक्त कुलसचिव, उपकुलसचिव, आंतरिक लेखा एवं संपरीक्षा अधिकारी, विश्वविद्यालय यंत्री, सहायक कुलसचिव, चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी, अनुभाग अधिकारी, सहायक यंत्री, उपयंत्री, शाखा प्रभारी।
{कृपया इसकी सूचना अपने अधीनस्थ कर्मचारी को देने की कृपा करें तथा एक प्रति विभाग के सूचना पटल पर भी लगवायी जाये।}
2. प्रभारी, सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ। - {विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने के अनुरोध के साथ।}
3. सहायक कुलसचिव, कुलसचिव कार्यालय, कुलसचिव जी को सादर सूचनार्थ।
4. कुलपति जी के निजी सचिव के माध्यम से कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।